C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

तृतीय चन्द्रघंटा



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:05 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:02 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

पिण्डजप्रवरारूढा
चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं
चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 91 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 25 सितम्बर 2025

नवरात्रि के तीसरे दिन...पेज-3 पर

## 43 साल से रामलीला में सौहार्द का रंग भर रहे नैनीताल के सईब अहमद

**उत्तरांचल दीप, नैनीताल**

**अफ़ज़ल, हुसैन फौजी**

शारदीय नवरात्र और दशहरे के मौके पर देशभर में होने वाली रामलीलाएं सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कृति और परंपरा का जीवंत स्वरूप होती हैं। नैनीताल नगर की तल्लीताल रामलीला इसी का उदाहरण है, जहां बीते 43 सालों से सईब अहमद रामलीला के पात्रों को मंच पर उतारने से पहले उनके मेकअप की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

सईब अहमद बचपन से ही रंगमंच से जुड़े रहे. शुरुआत अभिनय से हुई, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने मेकअप को अपनी पहचान बना लिया. वे अकेले ही सभी पात्रों को मंचन के लिए तैयार करते हैं. उनका कहना है कि यह केवल मेकअप नहीं, बल्कि कला और संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम है।



### बदला रामलीला का स्वरूप

सईब बताते हैं कि पिछले चार दशकों में रामलीला का रूप काफी बदल चुका है। पहले लोग इस आयोजन के दौरान सादगी अपनाते और कई तरह के त्याग करते थे। अब समय के साथ मंचन अधिक नाटकीय और आधुनिक हो गया है। इसके बावजूद श्रद्धा और उत्साह आज भी पहले जैसा ही है। सईब अहमद की पहचान केवल रामलीला तक सीमित नहीं है. समाज में अमन और भाईचारे का संदेश देने वाले सईब घर पर कुंडली भी बनाते हैं और जरूरतमंदों की मदद करते हैं. उनका मानना है कि ईश्वर एक है, बस उसे पूजने के रास्ते अलग-अलग हैं।

### गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

सईब कहते हैं कि छोटा सा नैनीताल हमेशा अमन-शांति का पैगाम देता रहा है। यहां दशहरे पर रावण के पुतले हों या मुहर्रम के ताजिए, हर धर्म के लोग मिलकर तैयारी करते हैं. यही वजह है कि नैनीताल की रामलीला सांप्रदायिक एकता की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है. सईब अहमद की 43 साल के योगदान ने न सिर्फ रामलीला के रंगों को और जीवंत किया है, बल्कि आपसी सौहार्द की अमिट छाप भी छोड़ी है।

## News कॉर्नर

### बेरोजगारों परेड ग्राउंड में धरने पर डटे दिन-रात

**देहरादून।** यूकेएसएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामले में युवाओं का आक्रोश का बढ़ता जा रहा है। सीबीआई जांच समेत विभिन्न मांगों को लेकर बेरोजगार युवाओं के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कीथी। वार्ता विफल होने से बेरोजगार युवाओं का धरना जारी है। यूकेएसएसएससी परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए धरना बुधवार को भी जारी रहा। युवा परीक्षा कैंसल कराने की मांग पर अड़े हैं। परेड ग्राउंड के पास चल रहे धरने में युवाओं को उनके अलग-अलग नेताओं ने संबोधित भी किया। परेड ग्राउंड के पास सोमवार को धरना शुरू किया गया था। युवा यहां से सीएम आवास कूच करना चाहते थे लेकिन पुलिस ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें वहीं पर रोक लिया था। इसके बाद से दिन-रात युवा वहां पर डटे हुए हैं। उनके एक प्रतिनिधिमंडल को मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वार्ता के लिए बुलाया था। काफी देर हुई बातचीत में कोई नतीजा नहीं निकला और युवा फिर से अपनी मांग पर टिके रहे। लगातार युवाओं की ओर से परीक्षा रद्द करने की मांग की जा रही है।

### पिथौरागढ़ से मुनस्यारी व धारचूला के लिए एक अक्तूबर से शुरू होगी हेली सेवा

**पिथौरागढ़।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने पिथौरागढ़ से मुनस्यारी, धारचूला के लिए हेली सेवा का संचालन हैरिटेज एविएशन को सौंपा है।
उड़ान योजना के तहत पिथौरागढ़ से मुनस्यारी व धारचूला के लिए एक अक्तूबर से हेली सेवा का संचालन किया जाएगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की मंजूरी के बाद हैरिटेज एविएशन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अगस्त में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात कर प्रदेश में उड़ान योजना के तहत हेली सेवा के विस्तार का आग्रह किया गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने पिथौरागढ़ से मुनस्यारी, धारचूला के लिए हेली सेवा का संचालन हैरिटेज एविएशन को सौंपा है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के सीईओ आशीष चौहान ने बताया कि एक अक्तूबर से पिथौरागढ़ से मुनस्यारी व धारचूला के लिए हेली सेवा का संचालन शुरू किया जाएगा।

व्यापार प्रदर्शनी 25 से 29 सितंबर तक आयोजित की जाएगी

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आगाज प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन किया

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे। ग्रेटर नोएडा में हो रहे इस ट्रेड शो में प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच मिलेगा। इसमें प्रदेश की औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और नवाचार क्षमताओं का भव्य प्रदर्शन होगा। यह व्यापार प्रदर्शनी 25 से 29 सितंबर तक आयोजित की जाएगी।

पीएम ने कहा, आज पूरे भारत में जितने मोबाइल फोन बनते हैं, उसमें से 55त्न मोबाइल उत्तर प्रदेश में बनते हैं। यूपी अब सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूती देगा। यहां से कुछ किलोमीटर दूर ही एक बड़ी सेमीकंडक्टर फैसिलिटी पर काम शुरू होने वाला है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही होगा। हर वो उत्पाद जो हम भारत में बना सकते हैं, वो हमें भारत में बनाना है। पीएम मोदी ने कहा, आज सरकार मेक इन इंडिया, मैन्युफैक्चरिंग पर इतना जोर दे रही है। हम चिप से लेकर जहाज तक, सब कुछ भारत में बनाना चाहते हैं, इसलिए हम आपके व्यापार में आसानी के लिए काम कर रहे हैं।



सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है, लेकिन सरकार की कुछ अपेक्षाएं भी हैं कि आप जो भी निर्माण कर रहे हैं, वह सर्वोत्तम गुणवत्ता का हो। आज देशवासियों के मन में ये बात है कि स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हो, इसलिए गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी-2025 (पीआईटीएस- 2025) में कहा, मुझे खुशी है कि 2,200 से ज्यादा प्रदर्शक यहां अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस व्यापार मेले का कंट्री पार्टनर रूस है, यानी इस व्यापार मेले में हम एक समय-परीक्षित साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं।

मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार के सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं।

## नैनीताल जिले के कई निरीक्षक, उप निरीक्षक व अन्य कर्मी हुए इधर से ऊधर

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी.एन. मीणा ने नैनीताल जिले में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए 25 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए है। इस फेरबदल में निरीक्षक, उप निरीक्षक और यातायात प्रभारियों को नई जिम्मेदारियां सौपी गई है। तबादले के तहत एस ओजी प्रभारी हरपाल सिंह को चोरगलिया की जिम्मेदारी सौंपी गयी। जबकि शहर कोतवाल राजेश कुमार यादव को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ का दायित्व दिया है।

पुलिस लाइन से निरीक्षक अमरचंद शर्मा को शहर कोतवाल बनाया है। इसके अतिरिक्त कालाढूंगी प्रभारी विजय मेहता को प्रभारी एएनटीएफ, रामनगर प्रभारी निरीक्षक अरुण सैनी को कालाढूंगी प्रभारी, लालकुआँ प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल को प्रभारी डीसीआरबी, ब्रजमोहन सिंह राणा प्रभारी सम्मन सेल से प्रभारी निरीक्षक लालकुआं, राजेंद्र सिंह रावत पुलिस लाइन से प्रभारी सम्मन सैल, हल्द्वानी एसएसआई महेंद्र प्रसाद को एसएसआई रामनगर, एसआई सोमेंद्र सिंह को प्रभारी चौकी बिंदुखत्ता से थाना रामनगर, उप निरीक्षक राजेश जोशी को पुलिस लाइन से एसओजी, एसआई वीरेंद्र बिष्ट को मुखानी से थाना तल्लीताल, एसआई जोगेंद्र यादव को पुलिस लाइन से थाना लालकुआं, एसआई विजय कुमार को प्रभारी चौकी धानाचूली से थाना बेतालघाट, एसआई हरिराम को थाना बेतालघाट से प्रभारी चौकी थानाचूली, एसआई कृष्णागिरी को प्रभारी चौकी बैलपड़ाव से प्रभारी चौकी राजपुरा, एसआई फिरोज आलम को एसओजी से प्रभारी चौकी बेलपड़ाव, महिल एसआई आशा बिष्ट को पुलिस लाइन से थाना मल्लीताल, एसआई आरती को पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी, एसआई चंद्रशेखर कन्याल को वाचक अपर पुलिस अधीक्षक नैनीताल से प्रभारी सूचना सेल का अतिरिक्त प्रभार, अपर उप निरीक्षक गणेश सिंह राणा को पुलिस लाइन से थाना भीमताल, अपर उप निरीक्षक पंकज जोशी को पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी, अपर उपनिरीक्षक त्रिभुवन सिंह को थाना भीमताल से थाना भवाली, अ. उप. सुरेश कन्याल को प्रभारी सूचना सेल से थाना भवाली, महिला अ. उ. नि. आशा शर्मा को पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी भेजा गया। वहीं यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा को यातायात प्रभारी भवाली से यातायात प्रभारी हल्द्वानी, यातायात निरीक्षक शिवराज सिंह बिष्ट यातायात प्रभारी हल्द्वानी से यातायात प्रभारी भवाली बनाया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए बांके बिहारी के दर्शन

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर तय समय पर पहुंच गईं। यहां शहनाइयों से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद वे बांके बिहारी मंदिर पहुंची। यहां उन्होंने पूजन किया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन के दौरान बांके बिहारी मंदिर मार्ग पर स्थित घरों के दरवाजे पुलिस ने बंद करा दिए। उनके दौरे के दौरान लोग अपने घरों में कैद रहे। वहीं गलियों में पुलिस का सख्त पहरा रहा। किसी को भी आवागमन की अनुमति नहीं दी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत बांके बिहारी मंदिर में हाई पावर्ड कमेटी के सदस्य सेवायत दिनेश गोस्वामी ने स्वागत किया। विजय कृष्ण गोस्वामी उन्हें मंदिर में ले गए। मंदिर में सेवायत गौरव गोस्वामी, फ्रैंकी गोस्वामी और शैलेन्द्र गोस्वामी ने पूजा अर्चना कराई। बिहारी जी के दर्शन के कन्नौज से मंगाए इत्र से देहरी पूजन किया। फिर श्रीकुंजबिहारी अष्टक पूजन किया। उनके स्वागत के लिए मंदिर को देशी विदेशी फूलों से सजाया गया था। मंदिर में अंदर और बाहर सुरक्षा का ऐसा घेरा बनाया था कि कोई परिंदा भी पर नहीं मार सका। बंदरों को भगाने के लिए छत पर वन विभाग की टीम गुलेल और एयरगन लेकर तैनात रही।


## दरवाजे की जाली काट चोरों ने स्वर्ण आभूषणों पर किया हाथ साफ

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जहां बीती रात एसएसपी ने निरीक्षक व उप निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। वहीं चोरों ने भोटिया पड़ाव चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीती रात एक घर का दरवाजे की जाली काट कर घर में घुस कर लाखों रुपए के स्वर्ण आभूषणों पर हाथ साफ करके शहर के नए कोतवाल का स्वागत किया।

इंद्रजीत गार्डन निवासी सरदार कुलदीप सिंह सेठी के घर पर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम देकर पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल दी है। पीड़ित कुलदीप ने बताया कि रात एक से तीन बजे के बीच चोर घर में घुसे और तीसरे कमरे की अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखें करीब दस लाख के सोने के आभूषण चोरी कर ले गए, जबकि पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था।पीड़ित का बयानसरदार कुलदीप सिंह सेठी ने बताया कि वे अक्सर रात में दो-तीन बार लघुशंका के लिए उठते हैं, परंतु कल रात नींद नहीं खुली। सुबह चार बजे जब अलमारी खुली देखी तो उनको चोरी होने का आभास हुआ उसमें रखा सोना गायब है। उन्होंने इसे अपनी जिंदगी की सारी जमा-पूंजी बताया और कहा कि अब उनके पास कुछ भी नहीं बचा पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी घटना की सूचना पाकर भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।इलाके में बढ़ी चिंता पीड़ित ने बताया कि सामने के मकान में आए दिन नए किराएदार आते रहते हैं। इस वजह से संदेह तो है, लेकिन साफ तौर पर किसी पर आरोप नहीं लगा सकते। उन्होंने सवाल उठाया कि कई मकान मालिक लालच के चलते सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं करते, जिससे आम लोगों के भीतर भय का माहौल बना हुआ है।पीड़ित सेठी का कहना है कि चोर बड़ी चालाकी से काम कर गए। न तो दरवाजे की आवाज आई और न ही किसी तरह की हलचल महसूस हुई। यहां तक कि उन्हें अंदाजा भी नहीं हुआ कि घर में चोरी हो रही है। उन्होंने पुलिस से मदद की अपील की है । चोकिंग चार्ज अनिल कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्तार में होंगे।



# पुलिस आरोपियों को चिन्हित की कार्रवाई में जुटी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

डिग्री कॉलेज रुद्रपुर में छात्रसंघ चुनावों के नामांकन के दौरान बुधवार को हुए बवाल के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस फायरिंग करने वालों को चिन्हित की कार्रवाई कर रही है।

बता दें कि बीते दिवस कॉलेज के मुख्य गेट के बाहर अचानक दो गुटों में विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते सड़क पर जमकर मारपीट और फायरिंग शुरू हो गई। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। एंबुलेंस, स्कूल बसें, रोडवेज की गाड़ियाँ और अन्य आवश्यक सेवाएं जाम में फंस गईं। पुलिस ने मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दो संदिग्ध वाहनों को कब्जे में लिया है और रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस



से प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रसंघ चुनाव के नामांकन के मद्देनजर कोतवाली रुद्रपुर से अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल गणेश धानिक, पीएसी के महिला व पुरुष पुलिसकर्मी, तथा वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन बुधानी समेत पूरी टीम डिग्री कॉलेज मुख्य गेट पर तैनात थी। दोपहर करीब 1:15 बजे नामांकन के बाद दोनों प्रमुऽ प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ कॉलेज गेट के बाहर मुख्य सड़क पर जमा हो गई। इस भीड़ में बड़ी संख्या में छात्रें के अलावा बाहरी लोग भी शामिल थे। जब पुलिस ने उन्हें सड़क से हटने और यातायात बाधित न करने को कहा, तो दोनों

**मुकदमा**

- **डिग्री कालेज में छात्र संघ चुनाव में दो प्रत्याशियों के समर्थकों में हुई मारपीट और फायरिंग में एक दर्जन से अधिक पर मुकदमा**

गुट झां इंटर कॉलेज की ओर बढ़े और हाईवे पर पहुंचकर आपस में भिड़ गए। इसी दौरान जस्सी कचूरा निवासी अर्जुनपुर ने दूसरे गुट की ओर असलहा निकालकर फायरिंग कर दी। जवाब में सतपाल लाहौरिया उर्फ पिंदर निवासी लालपुर ने भी फायर किया। दोनों गुटों में जमकर मारपीट, गाली-गलौच और मारपीट हुई। फायरिंग से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया और नेशनल हाईवे पूरी तरह से बाधित हो गया। इससे एम्बुलेंस, स्कूल बसें, रोडवेज बसें और अन्य जरूरी सेवाएं जाम में फंस गईं। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद उपद्रवियों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ और जाम का फायदा उठाकर आरोपी भागने में सफल रहे। हालांकि पुलिस ने मौके से दो महिंद्रा थार वाहन जब्त किए हैं, जिनका इस्तेमाल फायरिंग करने वाले आरोपियों द्वारा किया गया था। पुलिस ने प्राप्त साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर जस्सी कचूरा, सतपाल लाहौरिया उर्फ पिंदर, मनप्रीत उर्फ गोपी, अभय सक्सेना उर्फ चाइना, दानिश, गगन रतनपुरिया, चेतन मांगड़, अमृत चीमा, विक्रम, जानी भाटिया, प्रिंस शर्मा, हेमंत उर्फ नोनू मिश्रा, रवि रावत, आकाश यादव, आशीष यादव सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इन पर दंगा करने, फायरिंग, मारपीट, जान से मारने की धमकी, गाली-गलौच, राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित करने, और आवश्यक सेवाओं में विघ्न डालने जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। एसएसआई नवीन बुधानी ने आरोपियों को चिन्हित किए जा रहे हैं। जल्दी आरोपी पुलिस के शिकंजे में होंगे।



## कैलाखान छावनी परिषद के जवानों ने किया रक्तदान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कैलाखान छावनी परिषद के आर्मी जवानों ने मंगलवार को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल हल्द्वानी में आयोजित रक्तदान शिविर में ब्लड डोनेट किया।

शिविर में जवानों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और समाज सेवा का संदेश दिया। सेना के जवानों ने कहा रक्तदान महादान है, इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। समय पर रक्त उपलब्ध न होने से कई बार मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान न केवल दूसरों के जीवन को बचाने का कार्य है बल्कि यह दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इस दौरान सूबेदार रवि रंजन, हवलदार राधेश्याम, शेखर, शरवेस, चंदन, एसीके स्वामी, राहुल पाटिल, सुशील बोरे,शैलेश यादव, सिपाही दीपक, अशोक, श्रवण कुमार समेत अस्पताल परिसर से डॉ. हरीश, डॉ. राशि भटनाकर रहें।

## दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में दिखी बच्चों की प्रतिभा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के विकासखण्ड कोटाबाग के दुर्गम संकुल पोखराधार में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व मुखय अतिथि पूरन चन्द्र ग्राम प्रधान बगड़ मल्ला एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती दीपा आर्य ग्राम प्रधान बगड़ तल्ला एवं नोडल अधिकारी सुश्री रेनु आगरी प्र0अ0रा0 उ0प्रा0 वि0 सिगड़ी घुग्घू द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। रा0प्रा वि0 बगड़ के बच्चों द्वारा स्वागत गीत से सभी का स्वागत किया। जिला स्तर के धावक अर्जुन द्वारा खेल मशाल पूरे खेल मैदान में घुमाई गयी। प्राथमिक स्तर पर बालक बालिका दौड़ व लंबी कूद में 13 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चो का उत्साह चरम पर रहा। जूनियर वर्ग के बच्चों के लिये बालक बालिका दौड़ लंबी कूद ऊँची कूद कबड्डी खो खो गोला फेंक चक्का फेंक बालक क्रिकेट का आयोजन किया गया। मुखय अतिथि द्वारा बच्चों का परिचय लेकर खेल शुरू कराये।

खेल समन्वयक नरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा बताया गया कि इस क्षेत्र के बच्चे राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर चुके हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपा पाण्डे द्वारा किया गया। प्राथमिक वर्ग में राप्रावि बगड़ ने ओवरआल प्रथम एवं राप्रावि महरोड़ा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि जूनियर वर्ग में राकउप्रावि महरोड़ा प्रथम व राउमावि सिगड़ी घुग्घू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।




## NEWS / फटाफट

### हाईकोर्ट ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में न्यायिक कार्रवाई को लेकर बड़ा आदेश किया जारी

**नैनीताल ।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में न्यायिक कार्यवाही को लेकर एक बड़ा आदेश जारी किया है। बता दें हाल ही में राज्य में लगातार हो रही बादल फ टने समेत भूस्खलन और प्राकृतिक आपदाओं के चलते आमजन के जीवन एवं संपत्ति को भारी क्षति पहुँची है और आवाजाही भी बाधित हुई है। इस परिस्थिति को देखते हुए मुखय न्यायाधीश ने निर्देश दिए हैं कि नवंबर -2025 के अंत तक राज्य की सभी जिला एवं परिवार न्यायालयों में यदि पक्षकार या अधिवक्ता समय पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो पाते हैं तो उनके विरुद्ध कोई प्रतिकूल आदेश पारित नहीं किया जाएगा। इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता द्वारा परिपत्र जारी कर सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों तथा परिवार न्यायालयों के प्रधान न्यायाधीशों तथा न्यायाधीशों को आदेशों की सूचना दी गई है।

### हाईकोर्ट ने दिए सरकार को दो हफ्ते के भीतर शपथ पत्र पेश करने के निर्देश

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गदरपुर तहसील के सकैनिया गांव में अतिक्रमण के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए सरकार को दो सप्ताह में शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं। सकैनिया गांव निवासी सतनाम दास और अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुखय न्यायाधीश जी नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए उपजिलाधिकारी की ओर से कहा गया कि तालाब की भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित किया गया है। दो दुकान और एक घर को 21 सितंबर (रविवार) को नोटिस जारी किया गया है। अतिक्रमणकारियों को हटाने का सात दिन का नोटिस जारी किया गया है। संतोषजनक नहीं उत्तर नहीं मिलने पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश कोर्ट ने दिये। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि एसडीएम की ओर से अतिक्रमण को लेकर जो तथ्य दिए गए हैं वह गलत है। अधिक भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। अंत में अदालत ने एसडीएम को दो सप्ताह में शपथपत्र पेश करने के निर्देश दे दिए। साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को भी प्रतिशपथ पत्र पत्र देने को कहा है।

### शांति तिवारी बनी कांग्रेस सेवा दल की नगर अध्यक्ष



**नैनीताल ।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की मुखय संयोजक हेमा पुरोहित ने शांति तिवारी को सेवा दल भवाली का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। तिवारी के मनोनयन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल,जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस व पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज आर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष भुवन सिंह अधिकारी, नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल, सुजान रजवार, रमेश आर्य, नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस जानकी आर्य समेत मुन्नी तिवारी, जया कपिल, धनी दुमका, लोकेश जोशी, उषा कनौजिया, अंजू चौधरी, ममता पांडे,निशा बिष्ट, तुलसी बिष्ट व प्रेमा पांडे आदि ने खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### भीमताल में व्यक्तिगत रूप से बनाएंगे आदर्श विद्यालय

**नैनीताल ।** जिले के भीमताल विकासखंड में बुधवार को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विगत दिनों दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त सडकों समेत पेयजल समस्या और



स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाओं को बेहतर करने की मांग की जिस पर बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने को कहा। राशन कार्ड व पेंशन के लंबित कार्यों को यथा शीघ्र पूर्ण करने के मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जल संस्थान एवं जल निगम को हर घर जल योजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जनसमस्याओं को सुनने के दौरान राशन कार्ड, सडक व स्वास्थ्य तथा स्कूलों के जर्जर हालत में पड़े भवनों व पेयजल के मुद्दे छाए रहे। प्रमुख ने कहा विकास खण्ड क्षेत्र में दो विद्यालयों को वह स्वयं (व्यक्तिगत रूप से) आदर्श बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान पीआरडी के मृतक आश्रितों ने भी बलाक प्रमुख से मुलाकात की तथा मृतक आश्रितों को नौकरी देने की मांग की। प्रमुख ने कहा शासन स्तर पर इस संबंध पत्र भेजा है एवं वार्ता की जाएगी। इस मौके पर विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्कूल से बच्चे घर पहुंचे तो मां को फंदे पर लटका उड़े होश

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटक गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक विनोद कुमार निवासी प्रीत विहार सन सिटी कालोनी रुद्रपुर पत्नी शारदा देवी और दो बच्चों के साथ रहता है। वह पेंटर का काम करता है। बुधवार को वह काम पर चला गया। बच्चे स्कूल चले गए। घर पर शारदा देवी अकेली थी। डेढ़ बजे के करीब दोनों बच्चे घर पहुंचे तो मां को फंदे पर लटका देख होश उड़ गए। बच्चों की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग एकत्र हो गए। इसी बीच सूचना पर रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली,एसआई महिला नेहा राणा,गणेश धानिक मौके पर पहुंचे। महिला का पति भी पहुंच गया। पुलिस ने महिला को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है। शव पोस्टमार्टम के भेजा गया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों से जानकारी जुटाई जा रही है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

**कार्यालय सहायक अभियन्ता-तृतीय**
**नलकूप उपखण्ड कालाढूंगी ( नैनीताल )**

पत्रांक- 208 /स0अ0तृतीय/टेण्डर/2025-26 महामहिम राज्यपाल की ओर से दिनांक- 23/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या: 08/सहा0अ0भि0तृती0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मोहरबन्द निविदादयें दिनांक 06.10.2025 पूर्वाह्न 3:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदार से आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविद प्रपत्र निविदा खोलने की निर्धारित तिथि के एक दिवस पूर्व तक बेची जायेगी। कार्य सम्बन्धी विवरण निविदा खोलने से पूर्व में किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 11:00 बजे से सायं 4:00 बज तक कार्यालय में देखा जा सकता है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं राष्ट्रीकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूपि खण्ड रामनगर के नाम बंधक होनी चाहिए मान्य होगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का एवं कार्य की मात्रा कम या जादा करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। दरों की वैधता हेतु निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर 03 माह की वैधता हेतु रू0 1.00 के राजस्व टिकट में हस्ताक्षर कर लगाना होगा। निविदा आमंत्रण की तिथि से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Supply & Fixiny of Servo Voltage Stabilizer 3Phase (Oil Cooled) Roller contact Type 100 KVA Range of 300-400 Volt With Earthing at STW NO- 185 RG, Vill-Bajuniahaldu Block- Kotabagh, Nainital Under- NABARD XXIX. | JOB | 13000.00 | 500.00 + GST18% | 03 माह |

सहायक अभियन्ता-तृतीय
नलकूप उपखण्ड कालाढूंगी

# अभिमत

## देवभूमि से लगाव

*प्रधानमंत्री मोदी को देवभूमि से हमेशा लगाव रहा है। प्रधानमंत्री बनने से पहले जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो वर्ष 2013 में श्रीकेदारनाथ की आपदा में उत्तराखंड पहुंचकर प्रभावितों की मदद की थी। श्रीकेदारनाथ की आपदा में अन्य राज्यों के लोग भी प्रभावित हुए थे, लेकिन सिर्फ मोदी उत्तराखंड पहुंचे। अब देहरादून में आपदा पीड़ितों का दर्द जानने के साथ बचाव कार्य में जुटे सुरक्षा बलों के जवानों की सराहना कर प्रोत्साहित किया।*

उत्तराखंड के लोगों को मानसून के दौरान आपदा का सामना हर साल करना पड़ता है। इस साल बादल फटने की कई घटनाएं होने के साथ भूस्खलन से जान-माल की भारी क्षति हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर आपदा की सूचना मिलते ही गंभीरता दिखाई और बचाव कार्य की निरंतर जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी को देवभूमि से हमेशा लगाव रहा है। प्रधानमंत्री बनने से पहले जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो वर्ष 2013 में श्रीकेदारनाथ की आपदा में उत्तराखंड पहुंचकर प्रभावितों की मदद की थी। श्रीकेदारनाथ की आपदा में अन्य राज्यों के लोग भी प्रभावित हुए थे, लेकिन सिर्फ मोदी उत्तराखंड पहुंचे। अब देहरादून में आपदा पीड़ितों का दर्द जानने के साथ बचाव कार्य में जुटे सुरक्षा बलों के जवानों की सराहना कर प्रोत्साहित किया। गुजरात के तीर्थयात्रियों को अपने साथ ले गये और अन्य प्रभावितों के लिए गुजरात से राहत सामग्री भिजवाई। आपदा पीड़ितों के साथ खड़े रहने और मदद की घोषणा की। विपदा की घड़ी में प्रधानमंत्री के पहुंचने से ही पीड़ितों का दर्द स्वतः कम हो जाता है। सिलक्यारा टनल में कर्मचारियों के फंस जाने पर प्रधानमंत्री मोदी ने पल-पल की जानकारी ली थी। दुनिया के सबसे अधिक आबादी के देश के प्रधानमंत्री की व्यस्तता का अनुमान लगाना मुश्किल है, फिर भी मोदी किसी भी आपदा को प्राथमिकता देते हैं। धराली और थराली में बादल फटने से आपदा पीड़ितों के बचाव और राहत कार्य की प्रधानमंत्री ने मॉनिटरिंग की। राज्य में अनेक जगह भूस्खलन से भवन और सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। पुनर्निर्माण के लिए केन्द्र से धन देने की घोषणा की है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्रीकेदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। पुनर्निर्माण पूरा होने पर प्रधानमंत्री मोदी श्रीकेदारनाथ धाम पहुंचे तथा गर्भगृह में ध्यान लगाया। देवभूमि में श्रीबदरीनाथ धाम के लिए मास्टर प्लान के लिए केन्द्र सरकार से पूरी मदद दी जा रही है। जोशीमठ में आपदा से सर्वाधिक क्षति हुई है, वहां के लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के देवभूमि आगमन से पूरा भरोसा है कि उनके पुनर्वास के साथ जोशीमठ की सुरक्षा का प्रबंध किया जायेगा। प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह देवभूमि को प्राथमिकता दे रहे हैं, यदि राज्य सरकार और प्रशासन का अमला उतनी गंभीरता दिखाये, तो कोई संदेह नहीं कि आपदा पीड़ितों को राहत में कमी रह जाये।

# कुविवि के छात्रों ने किया रामलीला मंचन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में आईटीईपी (इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम) के छात्रों द्वारा रामलीला का भव्य मंचन किया गया।

बता दें यह आयोजन शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के समावेश का एक अनूठा उदाहरण रहा। इस अवसर पर छात्रों ने राम जन्म, सीता स्वयंवर, वनगमन और रावण वध आदि प्रसंगों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। मंचन के दौरान विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा एवं संवादों के माध्यम से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। मंचन का शुभारंभ संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर अतुल जोशी, विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक उप्रेती तथा विभाग के समस्त गुरुजनों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया।

इस नाट्य मंचन ने न केवल मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन और मर्यादाओं को जीवंत किया बल्कि साथ ही हमें यह भी याद दिलाया कि भारतीय संस्कृति और



सभ्यता की नींव सत्य, कर्तव्य तथा त्याग और मर्यादा पर आधारित है। संकायाध्यक्ष प्रो0. अतुल जोशी ने अपने संदेश में कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि यह जीवन का ऐसा मार्गदर्शक है जो हमें हर परिस्थिति में सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। छात्रों ने जिस समर्पण और भावनात्मक अभिव्यक्ति के साथ इस स्किट का मंचन किया वह सराहनीय है। इससे न केवल हमें श्रीराम के जीवन से जुड़ने का अवसर मिला बल्कि युवाओं के भीतर संस्कार और नैतिक मूल्यों के प्रति आस्था भी और गहरी हुई।उन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और आदर्शों का जीवंत प्रतीक है जो समाज में सत्य, धर्म और न्याय के महत्व को स्थापित करती है।

अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक उप्रेती के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा भारतीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण में सहायक सिद्ध होती हैं। रामलीला के मंचन के दौरान आईटीई पी विभाग के सभी गुरुजन व छात्र उपस्थित थे।

## नैनीताल में श्री राम सेवक सभा ने भव्य व दिव्य राम बारात का किया आयोजन

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा बुधवार को मल्लीताल बाजार से श्री राम बारात का भव्य व दिव्य आयोजन किया । बता दें राम बारात श्री राम सेवक सभा भवन ने प्रारंभ हुई, उसके बाद वह मल्लीताल बड़ा बाजार, बीच बाजार, वाल्मीकि मंदिर, आर्य समाज रोड , बी डी पांडे रोड होते हुए वापस सभा भवन पहुंची । श्री राम तथा सीता व लक्ष्मण रथ पर सवार होकर निकले तथा बैंड की धुन के साथ जय श्री राम से वातावरण गुंजायमान हुआ । बैंड ने आरती के साथ प्रारंभ होकर राम धुन तथा राम भजन प्रस्तुत किया । श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित राम बारात में रामानुरागी लोगों ने पुष्प वर्षा की तथा गेंदा के पुष्प श्री राम को अर्पित कर आशीर्वाद लिया । श्री राम बारात में रोशनी के साथ आतिशबाजी तथा अनार जलाए गए। श्री राम की आरती के साथ श्री राम सेवक सभा परिवार ने प्रार्थना की कि सभी स्वस्थ रहे तथा सुखी रहे तथा देश खुशहाल हो तथा प्रसाद वितरण हुआ ।

## मागी नाव न केवटु आना। कहइ तुम्हार मरमु मैं जाना॥

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्राचीन श्री रामलीला मैदान में लीला में राम केवट संवाद,दशरथ मरण, भरत केकई संवाद व भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया, रात्रि लीला में मेरी बाहू सुबहू ,अहिल्या उद्धार एवं प्रथम अमराई मिलन की लीला का मंचन किया गया।

प्रभु श्री राम अपने अनुज लक्ष्मण और सीता के साथ अपने पिता की आज्ञा का पालन करते हुये वनवास को निकाल गये, रास्ते में नदी मिली तो उन्होंने केवट से नदी पार करवाने की विनती की तो केवट ने कहाँ आज साक्षात प्रभु मेरे सम्मुख खड़े है तो यह मेरा सौभाग्य है और उसने राम से कहाँ की वह पहले उनके चरण धोएगा तभी वह उन्हें नौका ने बैठाएगा तो राम उसका मनतव्य समझ गये और केवट द्वारा प्रभु राम, सीता और लक्ष्मण की चरण वंदना की गयी और उसने प्रभु राम को



नदी पार करवाई। आज आज की लीला में केसरवानी महिला समिति तथा रवि रोटी बैंक के सदस्यों ने रामलीला मंचन में व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। आज व्यास पूजन विजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, पंडित रितेश जोशी ने किया. संचालन समिति से पंकज कपूर दिनेश गुप्ता, अतुल अग्रवाल, मनोज गुप्ता आदि रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय हम सभी के प्रेरणास्त्रोत

**हल्द्वानी।** भाजपा राष्ट्रीय सह महामंत्री संगठन शिव प्रकाश व महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने लिया सेवा पखवाड़े कार्यक्रम में हिस्सा। स्वच्छता कार्यक्रम के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर की साफ-सफाई व माल्यार्पण।

इस मौके पार वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहाँ कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रवाद और समाज के लिये जिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय हम सभी के प्रेरणास्त्रोत है। इस मौके पर पूर्व जिला सह प्रभारी विवेक सक्सेना, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, प्रदेश सह मिडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, विजय लक्ष्मी चौहान, मोहन पाल, बॉबी आर्या व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शारदीय नवरात्रि

## नवरात्रि के तीसरे दिन की जाती है मां चंद्रघंटा की पूजा



*नवरात्र का त्योहार भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस पर्व को 9 दिनों तक मनाया जाता है, जो मां दुर्गा और नौ रूपों को समर्पित है। उनमें पहला शैलपुत्री, दूसरा ब्रह्मचारिणी, तीसरा चंद्रघंटा, चौथा कूष्मांडा, पांचवां स्कंदमाता, छठा कात्यायनी, सातवां कालरात्रि, आठवां महागौरी और नौवां सिद्धिदात्री की पूजन की जाती है। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जाती है। माता को नकारात्मक ऊर्जा और बुरी नजर से बचाने वाली देवी माना जाता है। मां चंद्रघंटा की आराधना करने से वीरता, निर्भयता के साथ सौम्यता का प्रसार होता है।मां दुर्गा का तीसरा रूप चंद्रघंटा का है। चंद्रघंटा अर्थात् जिनके मस्तक पर चंद्र के आकार का तिलक है। दस हाथों के साथ मां अलग-अलग अस्त्र-शस्त्र से सुशोभित हैं। इनका वाहन शेर है। राक्षस महिषासुर का वध देवी चंद्रघंटा ने किया था। मां चंद्रघंटा की पूजा के लिए सामग्री में गंगाजल, अक्षत, सिंदूर, कमल का फूल, फूलों की माला, इत्र, घी, मिट्टी का दीया, आरती के लिए थाली और मिठाई। मां चंद्रघंटा का पसंदीदा रंग भूरा है, तो इस रंग के कपड़े पहनना शुभ होता है। केसर की बनी खीर मां चंद्रघंटा की प्रिय मानी गई है। ऐसे में देवी को खीर का भोग लगाएं। इसके अलावा शहद का भोग लगा सकते हैं। मान्यता है कि मां चंद्रघंटा को शहद का भोग लगाने से घर में सुख-शांति की स्थापना होती है।*

### मां चंद्रघंटा की पूजा विधि

*नवरात्र के तीसरे दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। मां चंद्रघंटा का ध्यान करें। पूजा स्थल को स्वच्छ करें। फिर मां को अक्षत और सिंदूर चढ़ाएं। इसके बाद भूरे रंग के वस्त्र और कमल का फूल अर्पित करें। फिर देवी के समक्ष शुद्ध घी का दीपक जलाएं और प्रार्थना मंत्र पिंडजप्रवरारूढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते मह्मां, चंद्रघंटेति विश्रुता।। का जाप करें। फिर भोग लगाएं और आरती करें।*

## वार्ड संख्या 3 और 4 में जन सुविधा शिविरों का सफल आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी वंदना के निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से वार्ड-वार जन सुविधा शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज वार्ड संख्या 03 एवं 04 में प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान नागरिकों ने मुख्यतः आपूर्ति व्यवस्था, राशन कार्ड में नाम जोड़ने/हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ उठाई। अधिकारियों द्वारा इनमें से अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बद्ध विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। आज के शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 54 आधार कार्ड बनाए और संशोधित किए गए। पूर्ति विभाग से 11 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़ने/हटाने के आवेदन सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त 06 यूसीसी आवेदन, एक शिकायत बिजली विभाग से संबंधित और नगर निगम से संबंधित 01 शिकायत स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने के संबंध में की गई, जिसका विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई।

शिविर में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जी.के. भट्ट, विभागीय अधिकारी-कर्मी, वार्ड संख्या 03 के पार्षद श्री धर्मवीर जी और वार्ड संख्या 04 की पार्षद श्रीमती हेमा भट्ट उपस्थित रहे। संबंधित पार्षदों ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम की इस नागरिक-केंद्रित पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। जन सुविधा शिविर 25 सितम्बर को वार्ड संख्या 01 के नगर निगम बालक इंटर कॉलेज काठगोदाम में और वार्ड संख्या 02 के रामलीला मैदान शीशमहल में आयोजित किया गया। नगर निगम के कुल 60 वार्डों में से अब तक 58 जन सुविधा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से आमजन को उनके क्षेत्र में ही मूलभूत नागरिक सुविधाएँ सहजता से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## News कॉर्नर

### शांतिपूर्ण आयोजित हुई छात्र संघ की नामांकन प्रक्रिया

**नैनीताल ।** जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में छात्र संघ निर्वाचन 2025-26 हेतु 11 बजे से 30 बजे तक प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र जमा किये गए। प्राचार्य के अनुसार अध्यक्ष पद हेतु सुनील कुमार, उपाध्यक्ष (छात्रा) पद हेतु सुमन जबकि सचिव पद हेतु नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष पद हेतु हिमानी बिष्ट तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद हेतु आरती ने नामांकन प्रपत्र जमा किए। सभी पदों पर एक.एक नामांकन फ ॉर्म जमा हुए जबकि उपाध्यक्ष (छात्र) तथा संयुक्त सचिव व संकाय प्रतिनिधि तथा सांस्कृतिक सचिव पद हेतु किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन प्रपत्र जमा नहीं किया। नामांकन प्रपत्र नामांकन समिति डॉ. ईप्सिता सिंह संयोजक डॉ. दीपक तथा डॉ निर्मला द्वारा जमा किये गये।

### विधायक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**रुद्रपुर।** एकांत मानववाद के पुरोधा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ने गांधी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं संग माल्यार्पण कर उनको नमन किया। विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय करोड़ कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुंज हम सबके अग्रज जिनके दिखाएं रास्ते पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की अवधारणा के साथ कार्य कर रही है, उनके द्वारा दिए गए अंत्योदय के नारे को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सार्थक करते हुऐ सिद्ध कर के दिखाया है। वह जनसंघ भाजपा रूपी वट वृक्ष के रूप में बहुत बड़ा आकार ले चुकी है, जिसकी 2014 से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार चल रही है जो गरीब कल्याण के मंत्र को साकार करते हुए जन सेवा का कार्य करते हुऐ देश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है।विधायक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर कार्यकर्ताओं संग उनकी प्रतिमा पर मालयार्पण किया।

# जीएसटी में बदलाव गरीब और मध्यमवर्ग के लिए वरदान: महापौर

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता




नगर निगम सभागार में नगर निगम और राज्य कर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'जीएसटी बचत उत्सव कार्यशाला' में जीएसटी स्लैब में हाल ही में किए गए बदलावों की जानकारी आमजन और व्यापारियों को दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ महापौर विकास शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जीएसटी से जुड़ी शिकायतों के समाधान हेतु व्हाट्सएप नंबर व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू हुआ 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' आज न केवल देश के व्यापारियों, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक सार्थक आर्थिक क्रांति का प्रतीक बन गया है। महापौर ने कहा कि जीएसटी के नये स्लैब से देश के हर वर्ग को लाभ पहुंचेगा। इससे मकान बनाना सस्ता होगा, रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं जैसे कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहन आदि भी अब आम आदमी की पहुंच में होंगे। इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी बल्कि देश में आर्थिक सुधार की गति और तेज़ होगी। सरकार ने इन दरों में बदलाव करके यह सिद्ध कर दिया है कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवश्यकताओं को सर्वोपरि रखा जा रहा है। महापौर ने कहा कि सरकार की यह नीति केवल टैक्स सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ यही आज का मंत्र है। स्थानीय व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा देने से रोजगार बढ़ेगा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने उत्तराखंड की धामी सरकार की भी सराहना करते हुए कहा कि सीएम आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं, जिससे राज्य तेजी से प्रगति की दिशा में अग्रसर है।राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने कार्यशाला के दौरान हाल ही में संपन्न 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि विभाग का मुख्य उद्देश्य है कि व्यापारी और आम नागरिक नए टैक्स स्लैब का अधिकतम लाभ उठा सकें। हम किसी भी स्तर पर जागरूकता की कमी नहीं रहने देंगे इस दौरान व्यापारी नेता नरेन्द्र अरोरा ने कार्यशाला को व्यापारियों के लिए बेहद उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं व्यापारियों की शंकाओं को दूर करने और जीएसटी प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने में मददगार हैं। इससे व्यवसाय में पारदर्शिता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को भी लाभ मिलेगा। कार्यशाला के दौरान व्यापारियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का विभागीय अधिकारियों ने बारीकी से उत्तर दिया और नये जीएसटी स्लैब के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। यहां संयुक्त आयुक्त स्मिता, शिवेन्द्र प्रताप सिंह,सहायक आयुक्त गौरव कुमार पंत, सहायक नगर आयुक्त राजू नवियाल,मनोज छाबड़ा,विजय तोमर, बलजीत सिंह, ऋषभ अरोरा, शेखर जुयाल समेत अन्य अधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# सीओ लोहनी ने समाजसेवियों व समस्त मौलानाओं के सुझाव लिए

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



हल्द्वानी कोतवाली के मीटिंग हॉल में सीओ नितिन लोहनी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के समाजसेवियों व समस्त मौलाना के सुझाव लिए गए। मौलानाओं ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के सामने अपनी अपनी समस्याएं रखी कोतवाली में हुई बैठक में अधिकतर लोगों ने सुझाव दिया कि दोनों समाज के लोगों को बैठक में बुलाया जाए । ताकि भाई चारा बना रहे। बैठक में काशीपुर में हुई घटना की निंदा की लोगों ने कहा कि हल्द्वानी का भाईचारा अमन को कोई चुनौती न दे पाए लोगों ने पुलिस प्रशासन को शहर में भाईचारा के लिए अनेक सुझाव दिए।

पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया कि वह सत्यापन करें उसका कोई विरोध नहीं और जिस तरह से लोगों के घरों में 30 40 पुलिसकर्मी अचानक से सुबह सुबह घुसते हैं उससे लोगों के दिलों में खौफ का माहौल बनता है।

शकील सलमानी ने कहा हिंदू समाज हो या मुस्लिम समाज किसी को भी अनुमति न दी जाए कि वे शहर की आवोहवा को खराब करें उन्होंने हजरत मोहम्मद साहब हम सभी के पैगंबर हैं हम सभी उनके बताएं रास्ते पर चलना चाहते हैं आज की बैठक में, मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया यहां की मस्जिदों के इमाम भी शामिल थे पुलिस प्रशासन को आश्वासन दिया कि वह शहर के हित में कार्य करेंगे शांति व्यवस्था बढ़ाने का प्रयास करेंगे। शहर की शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सभी धर्म की एक कमेटी बनाने का निर्णय भी लिया गया है। सीओ नितिन लोहनी ने सभी धर्मो के लोगों से आग्रह किया है कि भाईचारा बना कर रखें और शहर के सौहार्द को ना बिगाड़े।

# स्मैक तस्करी के मामले में समीर अहमद व रिजवान को दोषी करार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अपर जिला न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एकट) संजीव कुमार की अदालत ने स्मैक तस्करी के एक मामले में समीर अहमद और रिजवान को दोषी करार देते हुए 5-5 साल के कठोर कारावास और 50-500 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोनों को 6-6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता (फ ौजदारी) पूजा साह ने बताया कि बनभूलपुरा पुलिस ने जनवरी 2019 में दोषी समीर अहमद के कबजे से 28 ग्राम और रिजवान के क बजे से 10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की थी। दोनों से छोटे.छोटे कागज़ के टुकड़े भी मिले जिससे यह साबित हुआ कि वे स्मैक को बेचते थे। यह मात्रा मध्यम मात्रा से काफी अधिक थी। अभियोजन पक्ष ने अदालत में दलील दी कि दोषी समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं और युवाओं को शारीरिक रूप से कमजोर कर रहे हैं जो देश और समाज के लिए एक गंभीर खतरा है।

इस दौरान दोषियों की ओर से अदालत से कम से कम सज़ा देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वे बहुत गरीब हैं उनका यह पहला अपराध है और उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। समीर अहमद ने यह भी कहा कि वह पेट दर्द से पीड़ित है और घर में अकेला कमाने वाला सदस्य है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों और मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए स्वापक औषधि और मन- प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 8/21 के तहत दोषी करार दिया। अदालत ने माना कि यह अपराध गंभीर और समाज विरोधी है। फैसले के बादए दोनों दोषियों को सजायावी वारंट के साथ जेल भेजा गया। जेल में बिताई गई अवधि को उनकी सजा में समायोजित किया जाएगा। यह फैसला समाज को एक कड़ा संदेश देता है कि नशीले पदार्थों की तस्करी एक गंभीर अपराध है और इससे सखती से निपटा जाएगा।

# सिरौलीकलां में पालिका का चुनाव घोषित न किए जाने जाने को लेकर याचिका पर सुनवाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने किच्छा (ऊधमसिंह नगर) के सिरौलीकलां में अभी तक पालिका का चुनाव का कार्यक्रम न घोषित किए जाने जाने को लेकर दायर जनहित याचिका सहित कई अन्य याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ में बुधवार को उपजिलाधिकारी किच्छा व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। कोर्ट ने उनसे कई सवाल पूछे जिसमें कोर्ट ने कहा कि ऐसी कया जरूरत पड़ी कि सिरोली कलां के चार वार्ड को नगर पालिका किच्छा से अलग किया गया जबकि पहले इनको इसमें शामिल किया गया। अब चार वार्ड को लेकर नई नगर पालिका बनाई जा रही है। नई नगर पालिका की जनसंखया कितनी है? उसका भू क्षेत्र कितना है ? कया सर्वे रिपोर्ट है? वीरवार (आज) तक कोर्ट में इसे पेश करे। मामले की अगली सुनवाई कोर्ट ने वीरवार (आज) भी सुनवाई जारी रखी है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार किच्छा के सिरोलीकलां ग्राम निवासी मोहममद याशीन सहित अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि किच्छा नगर पालिका के विस्तारीकरण वर्ष 2018 में हुआ था। जिसमें सिरौली कला, बंडिया व देवरिया व आजादनगर को बाद में शामिल किया गया था। वर्ष 2018 में ही नगर पालिका के चुनाव हुए जिसमें सिरौलीकलां क्षेत्र में तीन वार्ड 18 तथा19 व 20 कुछ क्षेत्र वार्ड नंबर 17 को भी शामिल किया गया। फिर हटा दिया गया। बाद में कोर्ट के आदेश पर फि र शामिल कर दिया गया और वे सिरौलीकलां नगर पालिका किच्छा में विगत 6 वर्षों से शामिल है तथा नगर पालिका द्वारा इस क्षेत्र में अभी तक लगभग 5 करोड़ के विकास कार्य किये जा चुके हैं जबकि अब वर्तमान में सिरौलीकलां को किच्छा नगर पालिका से पृथक किया जा रहा है, जिसका सिरौलीकलां क्षेत्रवासी विरोध करते हैं। वह चाहते हैं कि सिरौलीकला को नगर पालिका में ही रखा जाये और उनके यहां भी अन्य नगर पालिकाओं का कार्यकाल समाप्त होने के बाद तुरंत चुनाव कराए जायँ जबकि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी प्रशासक पालिका कार्यभार सभालें हुए है जिसकी वजह से उनके कई जरूरी कार्य नहीं हो पा रहे हैं उसके लिए उन्हें ढूंढने के लिए दर दर भटकना पड़ता है, इसलिए पालिका का चुनाव शीघ्र कराया जाय।

### राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल।** शहरी विकास विभाग उत्तराखंड के निर्देशानुसार गुरुवार को नगर पालिका परिषद नैनीताल के तत्वावधान में एक दिन, एक घंटा, एक साथ राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विनोद सिंह जीना ने भी शहरवासियों से आग्रह किया कि स्वच्छता की शुरुआत घर से करें, फिर मोहल्ले और उसके बाद पूरे शहर तक इसे फैलाएं।

# हाईकोर्ट में पेश हुए वन सचिव रवि शंकर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**सुनवाई**

● **मामले की अगली सुनवाई होगी 7 अक्टूबर को**

उत्तराखंड हाईकोर्ट नंदप्रयाग के रेंजर हेमंत बिष्ट को एक पूर्व ग्राम प्रधान की शिकायत पर रुद्रप्रयाग अटैच करने पर बुधवार को राज्य के वन सचिव रविशंकर को कोर्ट में तलब किया था ।

बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन सचिव से पूछा कि एक पूर्व प्रधान या किसी जनप्रतिनिधि की शिकायत मात्र पर किसी अधिकारी का स्थान्तरण या अन्यत्र संबद्ध किया जाना उचित है, इस पर वन सचिव ने कोर्ट को बताया कि वे इस संबंध में प्रमुख वन संरक्षक से चर्चा करेंगे । कहा कि इस मामले में शिकायत ही आधार नहीं है बल्कि अन्य कारण भी हो सकते हैं ।कोर्ट ने वन सचिव से इस संबंध में शपथ पत्र पेश करने को कहा है । मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई की तिथि 7 अक्टूबर (मंगलवार) तय की है ।

रेंजर हेमंत बिष्ट ने अपने इस संबद्धता ऑर्डर के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते उक्त आदेश पर फि लहाल रोक लगा दी है। रेंजर्स नंदप्रयाग हेमंत बिष्ट द्वारा याचिका दायर कर कहा गया था कि नंदा राजजात यात्रा में उनके द्वारा कुछ कार्य किये जा रहे थे ।जिसकी शिकायत एक स्थानीय पूर्व प्रधान ने शासन में की तो उन्हें यहां से हटा दिया ।

# नैनीताल के बीएसएसवी में धूमधाम से मना एनएसएस का स्थापना दिवस

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल में राष्ट्रीय सेवा योजना का 56वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर सभी स्वयंसेवियों ने बढ़.चढकर भागीदारी की और अपने जोश व समर्पण तथा अनुशासन से कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ जहाँ स्वयंसेवियों ने लक्ष्य गीत और सद्भावना गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति और सामाजिकता से सराबोर कर दिया। तत्पश्चात विद्यालय के

प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में बताया कि किस प्रकार एनएसएस की स्थापना युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना जगाने के लिए हुई थी और आज भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वयंसेवी समाज निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम का दूसरा चरण आचार्य नरेंद्र देव मानव सम्मान संस्थान में आयोजित किया गयाए जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई। इस गरिमामयी अवसर पर मुखय अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के पूर्व एनएसएस प्रभारी गोविंद सिंह नयाल जी रहे। दोनों अतिथियों ने स्वयंसेवियों के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस क्रम में स्वयंसेवियों द्वारा जन जागरुकता रैली निकाली गई, तदुपरांत स्वयंसेवको द्वारा विद्यालयके आस पासके क्षेत्रमें स्वच्छताका कार्य किया गया ।

इसी क्रम में स्वयंसेवियों के मध्य निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाट्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। अंत में कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी बिष्ट ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और स्वयंसेवियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन स्वयंसेवी सुनैना ने किया।